सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी- 333031 (राजस्थान)

सं. 35/37/2020-रा.भा.(स्थापना दिवस-2023) दिनांक 22.08.2023

सूचना

सीएसआईआर के 82वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में **26 सितम्बर, 2023** को संस्थान में सहकर्मियों के निम्नलिखित पात्रता वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएँगेः-

1. सीएसआईआर कर्मचारियों के उन बच्चों को जिन्होंने वर्ष 2023 में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर निम्नलिखित संस्थानों में प्रवेश लिया हो रु 1500/- प्रतिमाह की दर से छात्रवृति दी जाएगी

   (क) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) में बी.टेक. या एकीकृत एम.एस.सी. पाठयक्रम,

   (ख) भारतीय प्रबंध संस्थानों(IIMs) में CAT द्वारा चयनित दो वर्षीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर पाठयक्रम (PGP),

   (ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली तथा ए.एफ.एम.सी., पुणे में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में चयनित ।

2. परिषद के सहकर्मियों के उन बच्चों को रु 3000/- का एकमुश्त नगद पुरस्कार जिन्होने वर्ष 2023 की सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा (12वीं कक्षा) में कम से कम तीन विज्ञान विषयों (प्रत्येक में) 90% या अधिक अंक प्राप्त किए हों ।

3. परिषद के सहकर्मियों के उन बच्चों को रु 2000/- का नगद पुरस्कार जिन्होंने 2023 की सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा (12वीं कक्षा) मे किसी भी विज्ञान विषय में 100% अंक प्राप्त किए हों।

4. परिषद के सहकर्मियों के जो बच्चे बिन्दु सं 2 व 3 मे वर्णित पात्रता रखते हैं, उन्हे दोनों नगद पुरस्कार अलग अलग दिये जाएंगे ।

संस्थान के समस्त सहकर्मियों से अनुरोध है कि यदि उनके बच्चे उपर्युक्तानुसार पात्रता रखते हों तो प्रमाण पत्रों/अंकतालिकाओं की स्वसाक्ष्यांकित प्रतियों सहित अपने आवेदन पत्र राजभाषा प्रकोष्ठ को दिनांक 31.08.2023 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

(रमेश बौरा) 22/8/2023
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपिः

1. प्रभारी, एआईटीजी - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।
2. संबंधित फाइल
3. सूचना पट्ट